	रक्षा जीव अभियांत्रिकी तथा चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी प्रयोगशाला (डेबेल) Defence Bio-Engineering & Electromedical Laboratory (DEBEL) भारत सरकार / Government of India, रक्षा मंत्रालय/ Ministry of Defence रक्षा अनुसंधान एव विकास संगठन (डी आर डी ओ) Defence Research and Development Organisation (DRDO) न्यू तिप्पसन्द्रा / New Thippasandra, बेंगलूरु /Bengaluru-560075

Advt No. DEBEL/HRD/Apprentice/2026-27/01

वित्तीय वर्ष 2026 -27 के लिये स्नातक प्रशिक्षु के चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

APPLICATIONS INVITED FOR THE ENGAGEMENT OF GRADUATE APPRENTICES FOR FY 2026-27

(Under Apprentices Act 1961 as amended in 1961, 1973 & 2014)

दिनांक/Date: 23th अप्रैल 2026

रक्षा जीव अभियांत्रिकी तथा चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी प्रयोगशाला (डेबेल), बेंगलुरु, जो कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डी आर डी ओ) के अधीन एक प्रमुख संस्थान है, जीवन सहायक प्रणालियों, जैव-चिकित्सीय उपकरणों, पर्यावरण संरक्षण प्रणालियों तथा वायुसेना कर्मियों के सुरक्षात्मक प्रणालियों के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास कार्यों में संलग्न है। वर्तमान में यह संस्थान स्नातक प्रशिक्षु के रूप में भर्ती प्रक्रिया संचालित कर रहा है। इस पहल का उद्देश्य युवा अभियंताओं एवं विज्ञान स्नातकों को रक्षा प्रौद्योगिकी तथा चल रहे स्वदेशी विकास कार्यक्रमों का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है।

डेबेल में स्नातक प्रशिक्षुओं के रूप में चयन हेतु निम्नलिखित विषयों/विषय-वर्गों में पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

विषय	**शैक्षणिक योग्यता**	**रिक्तियों की संख्या**
यांत्रिक अभियांत्रिकी	बी.ई./बी.टेक	7
इलेक्ट्रॉनिक्स / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी / इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रुमेंटेशन	बी.ई./बी.टेक	6
कंप्यूटर विज्ञान / सूचना प्रौद्योगिकी	बी.ई./बी.टेक/बी.एससी	3
रासायनिक अभियांत्रिकी / रसायन विज्ञान	बी.ई./बी.टेक/बी.एससी	4
जैव-चिकित्सीय अभियांत्रिकी	बी.ई./बी.टेक	4
वस्त्र अभियांत्रिकी	बी.ई./बी.टेक	1
पुस्तकालय विज्ञान	बी.लिब./बी.एल.आई.एससी	1
भौतिकी	बी.एससी	1
लेखा	बी.कॉम	1
कुल रिक्तियां		**28**

पात्रता मानदंड

- अभ्यर्थी ने पूर्व में कहीं भी अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया होना चाहिए।
- अभ्यर्थी के पास **एक वर्ष** या उससे अधिक का कार्य अनुभव **नहीं होना चाहिए।**
- अभ्यर्थी ने डेबेल, डी आर डी ओ में कार्यग्रहण (जॉइनिंग) की तिथि से पूर्व पाँच वर्षों के भीतर स्नातक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया होना चाहिए।

वृत्ति : ₹12,300/- प्रति माह

आवेदन प्रक्रिया:

- अभ्यर्थी का पंजीकरण बी ओ ए टी के वेब पोर्टल www.mhrdnats.gov.in पर होना अनिवार्य है तथा उनका सत्यापन क्षेत्रीय बोर्ड द्वारा किया गया होना चाहिए।
- तकनीकी/अभियांत्रिकी विषयों वाले अभ्यर्थियों को www.mhrdnats.gov.in पोर्टल पर निम्नलिखित यूज़र आईडी के माध्यम से आवेदन करना होगा।

एन ए टी एस यूज़र आईडी : SKABNC000035

महत्वपूर्ण तिथियां :

आवेदन की अंतिम तिथि	20th मई 2026
डेबेल में कार्यग्रहण की संभावित तिथि	01st जुलाई 2026

चयन प्रक्रिया:

- अभ्यर्थियों का चयन पूर्णतः मेरिट के आधार पर किया जाएगा (स्नातक डिग्री में प्राप्त प्रतिशत के अनुसार) तथा आवश्यकता होने पर साक्षात्कार/इंटरैक्शन लिया जा सकता है।
- इस उद्देश्य हेतु डेबेल के निदेशक द्वारा गठित एक बोर्ड प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करेगा और ऊपर उल्लिखित रिक्तियों के अनुसार अभ्यर्थियों का शॉर्टलिस्टिंग करेगा। केवल चयनित अभ्यर्थियों को ही कार्यग्रहण प्रक्रिया के संबंध में सूचित किया जाएगा। शेष अभ्यर्थियों से कोई संवाद नहीं किया जाएगा।

प्रशिक्षु चयन हेतु नियम एवं शर्तें:

- अभ्यर्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना (एन ए टी एस) पोर्टल पर आवेदन करने से पूर्व स्वयं का पंजीकरण करना अनिवार्य है।
- केवल वे अभ्यर्थी जिन्होंने वर्ष 2022 या उसके बाद स्नातक डिग्री पूर्ण की हो आवेदन के पात्र होंगे।
- केवल नियमित (रेगुलर) छात्र के रूप में डिग्री पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी ही आवेदन के पात्र होंगे।
- **शिक्षुता की अवधि:** अनुबंध निष्पादन की तिथि से 1 वर्ष होगी।
- **जो विद्यार्थी इंटर्नशिप की निर्धारित अवधि पूर्ण नहीं करेंगे, उन्हें इंटर्नशिप प्रमाणपत्र प्रदान नहीं किया जाएगा।**
- चयनित अभ्यर्थियों को कार्यग्रहण हेतु कोई यात्रा भत्ता एवं दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।
- चयनित अभ्यर्थियों को बेंगलुरु में अपने रहने एवं परिवहन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
- चयन होने पर कार्यग्रहण के समय अभ्यर्थी के पूर्ववृत्त का पुनः सत्यापन किया जाएगा।
- शिक्षुता का प्रस्ताव डी आर डी ओ में किसी भी प्रकार के रोजगार का अधिकार प्रदान नहीं करता है।
- रिक्तियों की संख्या संभावित है, जो बढ़ या घट सकती है।
- **अपूर्ण/आंशिक रूप से भरे गए आवेदन पत्र अस्वीकार कर दिए जाएंगे।**

नोट: किसी भी प्रश्न हेतु अभ्यर्थी hrd.debel@gov.in पर संपर्क कर सकते हैं।

प्रधान एच.आर.डी/Head HRD

कृते निदेशक /For Director

डेबेल /DEBEL